लिखित प्रश्न–

WRITING SKILLS

2. कविता की पंक्तियों में छूटे हुए शब्द भरिए–

RECALL | KNOWLEDGE APPLICATION

(क) नन्ही ............ काली ............, हिम्मत वाली,
चींटी बड़ी ............ निराली ............ है।

(ख) अनुशासन है ............ गज़ब ............ का इनका,
नहीं टूटती कहीं ............ कतार ............ ।

3. सही उत्तर चुनिए–

MCQ | ANALYTICAL ABILITY

(क) चींटियाँ इस रंग की हैं–
(i) सफ़ेद रंग की ◯ (ii) काले रंग की ✓

(ख) चींटियाँ हमें सिखाती हैं–
(i) बिना रुके आगे बढ़ते रहना ✓
(ii) रुक-रुक कर आगे बढ़ते रहना ◯

4. लघु उत्तरीय प्रश्न–

CRITICAL THINKING

(क) चींटियों की कतार क्यों नहीं टूटती? ............................................

(ख) चींटी को गुस्सा आता है तो वह क्या करती है? ............................................

(ग) चींटी कब सोती है? ............................................

DESCRIPTIVE APPROACH

5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न–

CRITICAL AND CREATIVE THINKING

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) चींटियों के क्या-क्या गुण हैं? ............................................

(ख) चींटी को बलशाली क्यों कहा गया है? ............................................

1. जब किसी शब्द से उसके एक होने का पता चलता है, तब वह एकवचन कहलाता है। लेकिन जब किसी शब्द से उसके एक से अधिक हाने का पता चलता है तब वह बहुवचन कहलाता है।

RECALL UNDERSTANDING

**दिए गए शब्दों के लिए बहुवचन रूप लिखिए–**

NUMBERS

(क) चींटी ..........चींटियाँ..........    (ख) बच्चा ..........बच्चे..........

(ग) कली ..........कलियाँ..........    (घ) तोता ..........तोते..........

(ङ) गली ..........गलियाँ..........    (च) घोड़ा ..........घोड़े..........

2. **दिए गए शब्दों से नए शब्द बनाइए–**

CREATIVE AND CRITICAL THINKING

(क) साहस ....................    (ख) मेहनत ....................

(ग) हिम्मत ....................    (घ) गरम ....................

3. **दिए गए शब्दों में जो क्रिया शब्द हैं, उनपर गोला लगाइए–**

CRITICAL APPROACH

बढ़ना    निराली    अधिक    सिखाना    मेहनती

भारत    देखना    चलना    कतार    लड़ना

4. **वर्णों और मात्राओं को मिलाकर शब्द बनाइए–**

WORD FRAMING

(क) ह + ा + थ + ी = ..........हाथी..........

(ख) क + त + ा + र = ..........कतार..........

(ग) म + े + ह + न + त = ..........मेहनत..........

(घ) अ + ध + ि + क = ..........अधिक..........

MCQ RECALL ANALYTICAL THINKING

5. **सही उत्तर चुनिए–**

(क) 'पंक्ति' के लिए कविता में शब्द आया है–

(i) कातर    (ii) कतार

(ख) 'हाथी' से मिलते-जुलते अर्थ वाला शब्द आया है–

(i) राजा ने एक गज पाल रखा था।

(ii) उसने एक गज़ कपड़ा खरीदा।

(ग) 'सरदी' के उलटे अर्थ वाला शब्द है–

(i) गरमी ✓ (ii) बारिश


## पाठ से आगे–

विषय उन्नयन गतिविधियाँ
Subject Enrichment Activities

1. चीटियों को क्या-क्या चीज़ें पंसद है? लिखिए। KNOWLEDGE ENRICHMENT
2. चींटी के घर को 'बांबी' कहते हैं। बताइए कि इन जंतुओं के घर को क्या कहते हैं– KNOWLEDGE ENRICHMENT

   (क) शेर ........गुफा........ (ख) घोड़ा ........घुड़साल........

   (ग) खरगोश ........बिल........ (घ) मुर्गी ........मुर्गीघर........
3. आपने चींटियों को चलते देखा होगा। वे हमेशा लाइनों में चलती हैं। एक लाइन बिल तक जाने की होती है और एक लाइन आने की। यदि कभी उनकी लाइनों के बीच में कोई चीज़ गिर जाती है या पानी आ जाता है, तो वे क्या करती हैं? ध्यान से देखिए और बताइए। EXPERIENTIAL LEARNING OBSERVATION COMMUNICATION
4. हाथी के सूँड में चींटी घुस जाए तो क्या होगा, लिखिए। IMAGINATION SKILLS
5. कविता को पढ़िए, समझिए और साथियों के साथ गाइए– ART INTEGRATION



पंक्ति-पंक्ति साथ में चलती
पूरे अनुशासन में है रहती
छेड़छाड़ कर दे यदि कोई
सताओ न हमको, सबको कहती
नन्ही चींटी आगे बढ़ती
कभी न थकती, कभी न थकती
नन्ही चींटी आगे बढ़ती।

**अधिगम प्रतिफल**

1. मेहनत करना
2. कभी भी हार न मानना
3. धैर्य, ईमानदारी, हिम्मत, साहस व सहयोग से समस्याओं को सुलझाना

Competencies | CG-4.1, 4.2, 5.1, 6.1, 7.2, 9.1, 9.2, 10.2, 11.2, 12.5